15(18)

**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मन्त्रालय भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की सम्पन्न हुई बैठक की कार्यवृत्ति के संबंध में।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार/उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी, महोदय हरदोई द्वारा जनपद हरदोई अन्तर्गत गठित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की एक बैठक दिनांक 25.02.2020 को सायं 07:00 बजे जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जिसमें जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत नामित किये गये समस्त अधिकारीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये :-

1. बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के प्रमुख ध्येय की पाइप पेयजल योजनाओं से अनाच्छादित प्रदेश की ग्रामीण वस्तियों को 2024 तक पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित करते हुये 55 एल0पी0सी0डी0 की दर से मानक के अनुसार क्रियाशील नल संयोजन के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ जलापूर्ति सुनिश्चित किये जाना है, जिसके अन्तर्गत समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सर्वप्रथम प्रत्येक ग्राम में विलेज एक्शन प्लान तैयार किये जाने हेतु ग्राम के अन्दर आधार भूत संरचना (इन-विलेज-इन्फ्रास्ट्रक्चर) लागत का 10 प्रतिशत अथवा जिन ग्रामों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है, से 05 प्रतिशत अंशदान समुदाय द्वारा दिये जाने, जो नगद/सामग्री/श्रम इत्यादि के रूप में दिया जा सकता है। ग्राम सभा की एक बैठक आहूत कर उक्त अंशदान दिये जाने की सहमति कम से कम 80 प्रतिशत परिवारों से लेते हुये एवं साथ-ही-साथ सम्बन्धित ग्राम पंचायत से संचालन एवं अनुरक्षण हेतु ग्राम पंचायत की सहमति प्राप्त करते हुये प्रस्ताव शीघ्रातिशीघ्र जल निगम को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें।

**(कार्यवाही-समस्त खण्ड विकास अधिकारी)**

2. जिलाधिकारी महोदय द्वारा खण्ड विकास अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि प्रस्ताव के साथ-साथ आवश्यक भूमि (30मी0×30मी0) की उपलब्धता का प्रस्ताव भी जल निगम को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें।

**(कार्यवाही-समस्त खण्ड विकास अधिकारी)**

3. जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश दिये गये, कि मा0 जनप्रतिनियों से सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर व्यक्तिगत संर्पक कर उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु प्राथमिकता वाले ग्रामों का चिन्हीकरण मा0 जनप्रतिनिधियों से कराना सुनिश्चित करेंगें।

**(कार्यवाही-अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

4. बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम से जानकारी ली गयी, कि प्रथम चरण में जो योजनाऐं पूर्ण की जा चुकी है, उन सभी में हाउस कनेक्शन की व्यवस्था की गयी है, कि नहीं, यदि नहीं तो उक्त योजनाओं में (FHTC) Functional Household Tap Connection की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

**(कार्यवाही-अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

5. जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु एवं 2024 तक लक्ष्य को पूर्ण किये जाने के निर्देश के क्रम में निर्देशित किया गया, कि जनपद के 19 विकास खण्डों में प्रत्येक विकास खण्ड में 20 ग्रामों की 20 परियोजना प्रतिवर्ष की दर से 380 परियोजना प्रतिवर्ष का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**(कार्यवाही-अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/जिला विकास अधिकारी)**

6. जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया, कि जिन मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सूची उपलब्ध करायी गयी है, को तत्काल संबंधित खण्ड विकास अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि संबंधित खण्ड विकास अधिकारी योजना हेतु ग्राम सभा की जमीन का चिन्हांकन करा सके। ग्राम सभा में एक से अधिक भूमि की उपलब्धता होने पर भूमि का चयन जल निगम के अभियन्ताओं द्वारा किया जायेगा।

**(कार्यवाही-अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/खण्ड विकास अधिकारी)**

7. जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में निर्देश दिये गये, कि योजना के तकनीकी भाग की पूर्ण जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था जल निगम की होगी तथा योजना को जल जीवन मिशन की गाइड लाइन के अनुसार बनाना होगा।

**(कार्यवाही-अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

बैठक के अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि उक्त योजना को शत-प्रतिशत जल जीवन मिशन की गाइड लाइन के अनुसार 2024 तक पूर्ण किया जाना है। अतः इस योजना पर विशेष रूप से प्रत्येक सदस्य फोकस करते हुये लक्ष्य को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करेगें, ताकि ग्रामीणों को शासन की मंशानुसार स्वच्छ जलापूर्ति का लाभ मिल सके।

**अनुमोदित**

जिलाधिकारी
हरदोई।

अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, हरदोई।